राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/935/2022 दिनांकः–04, अगस्त, 2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः प्रयोगात्मक परीक्षा समय से पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र सं0–आर0एम0पी0यू0/886/2022 दिनांकः– 28 जुलाई, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें निर्देशित किया गया था कि स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांकः 05 अगस्त, 2022 तक पूर्ण कर लें।

इस सम्बन्ध में विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा अल्प अवधि में प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्ण करने में कठिनाई बतायी गयी। जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए सैद्धान्तिक परीक्षा के मध्य दिनांकः 20 अगस्त, 2022 तक पूर्ण करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि राजकीय/अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में अनुमोदित एवं कार्यरत शिक्षक आन्तरिक परीक्षक के रूप में कार्य करेंगे तथा विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अन्य राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षक बाह्य परीक्षक के रूप में कार्य करेंगे।

निर्देशानुसार पुनः अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त प्रक्रिया दिनांकः 20 अगस्त, 2022 तक अवश्य पूर्ण कर लें ताकि सैद्धान्तिक परीक्षा के उपरान्त यथाशीघ्र परीक्षाफल घोषित किया जा सके।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आगरा/अलीगढ़।
3. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र, अलीगढ़।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों को कालेज लॉगिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

सहा0कुलसचिव